ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 30 नवम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 267

महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण:शिंदे की तबीयत बिगड़ी, मुंबई से गांव भेजे गए डॉक्टर्स; भाजपा विधायक दल की बैठक टली



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और NCP अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब तक शपथ पर सस्पेंस बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे डिप्टी CM का पद लेने को तैयार हैं, लेकिन गृह मंत्रालय पर अड़े हुए हैं। 29 नवंबर को शिंदे दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुंबई लौटे और सभी कार्यक्रम रद्द कर अपने गांव सातारा निकल गए। गांव में उनकी तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, 1 दिसंबर को होने वाली बैठक अब 3 दिसंबर को होगी। इस दिन दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से CM फेस अनाउंस करेंगे।

उधर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने भास्कर को बताया कि संघ से हरी झंडी मिलने के बाद CM पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम फाइनल कर दिया गया है। शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। शिवसेना और NCP की ओर से एक-एक डिप्टी CM भी शपथ लेंगे।

गृह और वित्त मंत्रालय पर बात अटकी

शिंदे सरकार में डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। वहीं शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी CM का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। शाह के साथ बैठक में भी इसका हल नहीं निकल पाया। पहले गृह मंत्रालय देवेन्द्र फड़णवीस के पास था। इसलिए फड़णवीस किसी भी हालत में गृह मंत्री का पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। माना जा रहा है कि इस विवाद के चलते शाह की बैठक में कैबिनेट गठन पर कोई समाधान नहीं निकल सका। एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि बीजेपी गृह मंत्री का पद कभी हाथ से नहीं जाने देगी। सूत्रों के मुताबिक, शाह से चर्चा के बाद भी विभागों को लेकर गठबंधन में खींचतान मची हुई है। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं NCP अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है।

शिवसेना ने कहा- आज शाम तक बड़ा फैसला लेंगे शिंदे

इस बीच शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने कहा- शिंदे को जब भी कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो वे अपने पैतृक गांव चले जाते हैं। वे आज शाम तक कोई बड़ा फैसला ले लेंगे। इससे पहले शिरसाट ने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि शिंदे डिप्टी CM का पद स्वीकार करेंगे।

शिवसेना के कुछ नेताओं का कहना है कि महायुति को इतनी बड़ी जीत शिंदे की अगुआई में मिली, इसलिए बिहार की तर्ज पर उन्हें मुख्यमंत्री होना चाहिए। बिहार में जदयू की कम सीटें हैं फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। वहीं, पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि शिंदे को डिप्टी CM बनना चाहिए।

महाराष्ट्र कैबिनेट का फॉर्मूला क्या होगा

नई सरकार में CM और दो डिप्टी CM के साथ 43 मंत्री शामिल होंगे। इनमें भाजपा को 20-23, शिंदे गुट को 11 और अजित गुट को 9 मंत्री पद मिलने की संभावना है। इससे पहले शिंदे सरकार में 28 मंत्री थे और शिंदे के पास सबसे ज्यादा 11, भाजपा के पास 9 और अजित पवार गुट के पास 8 मंत्री थे। इस समय भाजपा विधायकों की संख्या ज्यादा होने से मंत्रियों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अलावा नाराज एकनाथ शिंदे को मनाने के लिए भाजपा ने उन्हें केंद्र में एक मंत्री पद ऑफर किया है। उनके बेटे श्रीकांत या पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसके अलावा चर्चा इस बात की भी है कि अजित गुट की मोदी कैबिनेट में एक सीट खाली है। प्रफुल्ल पटेल मंत्री बन सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य पर मधुमक्खियों का हमला शिवपुरी में माधव नेशनल पार्क में ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन करने पहुंचे थे; 12 से ज्यादा घायल



24 न्यूज अपडेट

शिवपुरी. शिवपुरी में माधव नेशनल पार्क में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। वहां मौजूद 12 से ज्यादा लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जैसे-तैसे बाहर निकाला। सिंधिया यहां चांदपाठा झील पर ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हमले के बाद उन्हें बिना उद्घाटन किए ही लौटना पड़ा।

घटना शनिवार दोपहर 3.30 बजे की है। चांदपाठा झील (रामसर साइट) के पानी पर बने प्लेटफॉर्म पर सेलिंब क्बल पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ कुछ लोगों को ही जाने की अनुमति थी। सिंधिया जैसे ही ड्रेजिंग मशीन की ओर बढ़े तभी मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों को काट दिया।

कुछ ही लोगों को वहां जाने की थी अनुमति

कार्यक्रम में सिंधिया समेत कुछ लोगों को नीचे जाने की अनुमति थी। बाकी लोगों को सेलिंग क्लब पर ऊपर ही रोक दिया था। कार्यक्रम में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, सहित भाजपा के कई नेता पहुंचे थे।

ड्रोन की आवाज से उड़ी मधुमक्खियां बताया जा रहा है कि कार्यक्रम को शूट करने के लिए और सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ड्रोन उड़ाया जा रहा था, उसी की आवाज और हवा के चलते मधुमक्खियां भड़क गई थी। हालांकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

दोबारा सेलिंग क्लब पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया माधव नेशनल पार्क के सीसीएफ उत्तम शर्मा का कहना हैं कि मधुमक्खियों ने कुछ लोगों को काट लिया था। इसके चलते कुछ देर के लिए कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। बाद में केंद्रीय सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोबारा सेलिंग क्लब पहुंचे। यहां उन्होंने ड्रेजिंग मशीन उदघाटन किया। साथ ही झील से जलकुंभी हटाते हुए भी देखी।

जुलाई 2022 में रामसर साइट किया था घोषित माधव नेशनल पार्क स्थित चांदपाठा (सांख्य सागर) झील को रामसर साइट में जुलाई 2022 में शाामिल कर लिया गया था। बता दें कि भोपाल का भोजताल प्रदेश की पहली रामसर साइट थी। इसके बाद चांदपाठा (सांख्य सागर) झील प्रदेश को प्रदेश की दूसरी रामसर साइट का दर्जा मिला था।

इस झील में हजारों की संख्या में मगरमच्छ हैं। इसके चलते इस झील के मगरमच्छों को रामसर साइट का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया था। इसके बाद 10 दिसंबर को माधव नेशनल पार्क में एक नर और मादा बाघ को छोड़ा गया था। बाद एक मादा बाघिन को ओर छोड़ दिया गया। यहां पीएम मोदी के जन्मदिन पर दो शावकों के जन्म की खुशखबरी भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दी थी।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला:कोलकाता-अगरतला के अस्पतालों का बांग्लादेशी मरीजों के इलाज से इनकार, RSS की मांग- चिन्मय प्रभु को रिहा करें



24 न्यूज अपडेट

बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में भारत में विरोध जताया जा रहा है। शनिवार को कोलकाता और अगरतला के दो अस्पतालों ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज करने से इनकार कर दिया।

कोलकाता के जेएन रे अस्पताल के सुभ्रांशु भक्त ने कहा- अब बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करेंगे। क्योंकि बांग्लादेश में तिरंगे का अपमान हो रहा है। भारत ने उनकी आजादी में अहम भूमिका निभाई, इसके बावजूद हम भारत विरोधी भावनाएं देख रहे हैं।त्रिपुरा में अगरतला में ILS अस्पताल के सामने कुछ लोगों ने बांग्लादेश के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करने का फैसला किया। वहीं, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी हमलों को तत्काल रोकने की मांग की। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से मांग की है कि इस्कॉन के पूर्व प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को रिहा किया जाए। दरअसल, 25 अक्टूबर को बांग्लादेश के ढाका में इस्कॉन के पूर्व प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 26 नवंबर को उनकी चटगांव कोर्ट में पेशी थी। चिन्मय के समर्थन में कोर्ट परिसर में हंगामा हुआ। इसी दौरान एक वकील की मौत हो गई। इसके बाद से हिंसा जारी है।

बांग्लादेश की वर्तमान सरकार और एजेंसियां मूकदर्शक बनी हुईं

दत्तात्रेय ने बयान में कहा- बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों के हमले, हत्या, महिलाओं पर अत्याचार बहुत चिंताजनक है। संघ इसकी निंदा करता है। बांग्लादेश की वर्तमान सरकार और एजेंसियां मूकदर्शक बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं के खुद की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई। अब उसे भी दबाया जा रहा है। उनके खिलाफ अत्याचार-अन्याय का नया दौर शुरू हो गया है।' एक दिन पहले, 29 नवंबर को भारत के विदेश मंत्रालय ने हिंदुओं पर हमले पर आपत्ति जताई थी। कहा, 'अंतरिम सरकार को हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वहां की सरकार ये कहकर जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती है कि इस मामले को मीडिया बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर कर ही है। साथ ही विदेश मंत्रालय ने चिन्मय प्रभु का निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के तहत ट्रायल करने की भी मांग की थी। चिन्मय प्रभु को राष्ट्रद्रोह के केस में 25 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।

वायनाड में राहुल बोले- अडाणी के लिए कानून अलग:मोदी जी कहते हैं अमेरिका में भले केस चले, भारत में नहीं चलेगा



24 न्यूज अपडेट

प्रियंका गांधी सांसद बनने के बाद आज पहली बार केरल के वायनाड पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी भी थे। राहुल ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर अडाणी का मुद्दा उठाया।

राहुल ने कहा-संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अडाणी के साथ हर दूसरे भारतीय से अलग व्यवहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भले अमेरिका में केस चले, भारत में हम उन पर केस दर्ज नहीं करेंगे। राहुल के अलावा प्रियंका ने भी रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने मलप्पुरम में भी रैली की। वहां उन्होंनें कहा- पिछले एक हफ्ते से संसद नहीं चल रही है क्योंकि वे (केंद्र सरकार) कुछ मुद्दों पर चर्चा करने से भी डरते हैं। वे इस देश की सारी शक्ति और संसाधन अपने दोस्तों को देते हैं। केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी को जीत मिली थी। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने पर यहां उपचुनाव हुए थे।

केजरीवाल पर दिल्ली में पदयात्रा के दौरान हमला:आरोपी हिरासत में; छतरपुर-नांगलोई में भी हो चुकीं ऐसी घटनाएं



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली.दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक शख्स से हमला करने की कोशिश की। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में स्याही फेंकने की बात कही जा रही है। हालांकि, आरोपी को सुरक्षा कर्मचारियों ने पकड़ लिया। उससे पूछताछ जारी है। इससे पहले छतरपुर-नांगलोई में भी केजरीवाल के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेता सभी राज्यों में हमारी रैलियां निकालते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता। केजरीवाल पर लगातार हमले हो रहे हैं। बीजेपी ने उन पर हमला बोला है। नांगलोई और छतरपुर में उन पर हमला हुआ।

संपादकीय : असमंजस में सरकार

गठबंधन में चुनाव जीत कर बहुमत हासिल करने पर अकार मुख्यमंत्री पद को लेकर असमंजस की स्थिति बन जाती है। फिर, गठबंधन धर्म का निर्वाह और सहयोगी दलों के साथ सौहार्दपूर्ण समीकरण बिठाने में कई बार कठिनाई पेश आती है। महाराष्ट्र में भाजपा के सामने भी वही स्थिति है वहां उसने एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिल कर चुनाव लड़ा था। सबसे अधिक सीटें भाजपा को मिलीं । स्पष्ट बहुमत से महज तेरह सीटें कम । इस लिहाज से मुख्यमंत्री पद पर उसी का हक बनता । शुरू में एकनाथ शिंदे ने जरूर कुछ दबाव बनाने का है प्रयास किया था, मगर आखिरकार उन्होंने भी भाजपा का नेतृत्व स्वीकार कर लिया। इस तरह भाजपा के लिए रास्ता साफ हो गया और देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जाने लगा। मगर दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद भी मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की जा सकी। चुनाव नतीजों के सात दिन बाद भी इस मामले में निर्णय न लिए जा सकने से स्वाभाविक ही तरह -तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पिछली सरकार में काफी उथल-पुथल बनी रही। तब शिवसेना के साथ मिल कर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, मगर चुनाव नतीजों के बाद शिवसेना ने पाला बदल लिया और कांग्रेस तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस से हाथ मिला कर महाअघाड़ी की सरकार बना ली थी। फिर शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस में बड़ी टूट हुई और इन दलों के नेताओं ने भाजपा के साथ मिल कर एकनाथ शिंदे की अगुआई में सरकार बना ली थी। संभव है, वहां उलट-फेर की आशंका भाजपा को अब भी सता रही होगी, इसलिए वह नई सरकार के गठन में किसी भी तरह सहयोगी दलों को असंतुष्ट नहीं रखना चाहती। फिर, जातियों का समीकरण भी उसे साधना है। वह मराठा दबदबे से अलग पिछड़े और दलित वर्ग में पैठ बनाना चाहती है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हरियाणा के विधानसभा चुनावों के बाद जिस तरह इन वर्गों को संतुष्ट करने का प्रयास किया, उससे यह कयास स्वाभाविक रूप से लगाया जाने लगा है कि महाराष्ट्र में भी भाजपा कोई हैरान करने वाला फैसला कर सकती है। राजनीति में केवल सरकार बना लेना महत्त्वपूर्ण नहीं होता, सरकार के माध्यम से अपने जनाधार का विस्तार करना भी होता है। भाजपा इसी रणनीति पर काम कर रही है। मगर सरकार के गठन में देरी से प्रशासनिक कामकाज पर प्रतिकूल असर पड़ता है। मतदाता उन वादों को अमली जामा पहनते देखना चाहते हैं, जो चुनाव प्रचार के समय विजेता पक्ष ने किए थे। प्रशासनिक अमला इंतजार करता रहता है कि नई सरकार निर्देश दे कि उसे किन मसलों को तरजीह देना है। और किन मसलों को मुल्तवी करना है। महाराष्ट्र आर्थिक रूप से समृद्ध राज्यों में शुमार है, इसलिए वहां सरकार गठन में होने वाली देरी का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। यह ठीक है कि गठबंधन में संतुलन साधना कठिन होता है, मगर महाराष्ट्र में ऐसी कोई अड़चन नजर नहीं आती। भाजपा को ही अपने असमंजस से बाहर निकलना है। चूंकि वह बड़ी पार्टी है, उसे सहयोगी दलों के साथ उदारता पूर्वक व्यवहार करना और उनके सहयोग का सम्मान करना होगा, तभी महावृति की टिकाऊ और भरोसेमंद सरकार बन सकेगी। पहले ही महाराष्ट्र काफी उठा-पटक झेल चुका है, उसे राजनीतिक स्थायित्व की जरूरत है।

जहरीली लपटें

विकासशील देशों में प्रदूषण ने इंसान के सामने कैसी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, यह सब जानते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या से लड़ने के लिए बैठकें होती हैं, हर वर्ष नए उपाय बताए जाते हैं। मगर विडंबना है कि इस समस्या की गंभीरता और इसके कारणों के बिल्कुल स्पष्ट होने के बावजूद उससे निपटने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी नहीं समझा जाता । यही वजह है कि अब इस समस्या के बढ़ते दायरे ने व्यापक तबाही के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। हालांकि हवा में जहर घुलने से कई तरह की बीमारियों की चपेट में लोगों के आने के तथ्य एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं और इस हकीकत से मुंह मोड़ना अब संभव नहीं रह गया है। मगर हाल के वर्षों में जंगलों में लगने वाली आग की वजह से हवा में जो प्रदूषण घुल रहा है, उससे भारी संख्या में लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य पत्रिका 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में इससे संबंधित जो ब्योरा सामने आया है, वह इसकी गंभीरता को रेखांकित करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि जंगलों और घास के मैदानों में लगने वाली आग और प्रदूषण से सांस संबंधी बीमारियों के कारण हर वर्ष लगभग साढ़े चार लाख लोगों की जान चली जाती है। इनमें नब्बे फीसद से ज्यादा मौतें निम्न और मध्यम आयवर्ग वाले देशों में होती है। अध्ययन में आशंका जताई गई है कि जंगल में आग की घटनाओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ मरने वालों की संख्या में भी इजाफा होता जाएगा। ऐसी समस्या से निपटने के लिए विकसित देशों की ओर से विकासशील देशों को आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया जाता रहा है, लेकिन समृद्ध देश हर ऐसे मौके पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। हैरानी की बात है कि विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में चरम विकास के दौर में भी जंगल में आग की घटनाओं से पार पाना एक चुनौती बनी हुई है। सवाल है कि जब तक इस समस्या पर प्राथमिकता के साथ काम नहीं किया जाएगा, तब तक इसके हल का रास्ता निकालना कैसे संभव होगा।

उदयपुर को मिली बड़ी सौगात, नांदेश्वर से गोगुन्दा सड़क का होगा कायाकल्प, उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी की पहल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी स्वीकृति



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 नवम्बर। प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को सुदृढ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने प्रदेश की विभिन्न सड़कों एवं नवीन वृहद परियोजनाओं के विकास में सहयोग के लिए गत दिनों केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। इसके पश्चात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। इसमें उदयपुर जिले में नांदेश्वर -गोगुन्दा सड़क भी शामिल हैं। केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार की ओर से स्वीकृत राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसी क्रम में उदयपुर जिले में गोगुन्दा-मजावदा-उबेश्वर-धार-रामपुरा-सिसारमा-नयाखेड़ा-नांदेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग 58ई तक कुल 39 किलोमीटर लंबी सड़क के सुदृढीकरण के लिए 65.25 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात है। केंद्र सरकार द्वारा 27 राज्य सड़कों के लिए 1154.47 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलना, राज्य के बुनियादी ढांचे और विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

गुजरात में 6 हजार करोड़ का घोटाला करने वाली कंपनी डूंगरपुर से भागी, इन्वेस्टमेंट के नाम धोखाधड़ी



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। गुजरात के मोडासा और हिम्मतनगर में 6 हजार करोड़ का घोटाला कर रफूचक्कर हुई बीजेड फाइनेंस कंपनी का डूंगरपुर ऑफिस 8 दिन से बंद है। रफू-चक्कर हुई बीजेड फाइनेंस कंपनी का डूंगरपुर ऑफिस बंद होने के बाद लोगों की सांसें फूल रही हैं सिंटेक्स के ऑफिस पर 8 दिनों से ताले हैं। बोर्ड रात को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया। इस कंपनी ने बड़ा मुनाफा देने के नाम पर लोगों को ठग लिया। डूंगरपुर में ठगी के शिकार हुए लोग अब तक सामने नहीं आए है और ना ही रिपोर्ट दी गई है, लेकिन गुजरात के सीआईडी ब्रांच की टीम मामले की जांच कर रही है। आपको बता दें कि गुजरात के अरवल्ली, साबरकांठा समेत 7 जिलों में 6000 करोड़ रुपए का घोटाला करने वाली बीजेड फाइनेंस सर्विस के डूंगरपुर में भी ऑफिस है जो पिछले 8 दिनों से बंद है। गुजरात अहमदाबाद सीआईडी के एडीआईजी राजकुमार पांडेय ने बताया कि लोगों को झांसे में लेकर बड़ा मुनाफा दिलाने के नाम पर कंपनी ने फ्रॉड किया है। कंपनी के खिलाफ केस दर्जकर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, कंपनी के डॉक्यूमेंट के रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। प्राथमिक तौर पर 6 हजार करोड़ की धोखाधड़ी है। लोगों से चैक अमाउंट की डिटेल के साथ ही कैश डिटेल को भी खंगाला जा रहा है। शहर के सिंटेक्स के सामने ही एक कॉम्प्लेक्स में ऊपरी मंजिल पर एक दुकान में बीजेड़ फाइनेंस का ऑफिस चल रहा था। जहां पर लोगो को जमा राशि पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर झांसे में लेकर लोगों से इन्वेस्ट करवाते थे। डूंगरपुर में ऑफिस 7 महीने पहले ही खुला था और कई लोग मोटा मुनाफा कमाने के लालच में आकर इनमें अपना जमा इन्वेस्ट करते थे। लेकिन 10 दिनों से ऑफिस के शटर पर ताले लटके हैं। शुक्रवार रात करीब 10.31 बजे बाद एक गाड़ी से 2 युवक आए। गाड़ी की लाइट बंद की। दोनों ऑफिस में गए व सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहे है। बोर्ड तोड़ा और फिर हाथों में कुछ कागज ओर सामान लेकर वापस उतरते दिखाई दिए। साइड में खड़ी पिकअप गाड़ी में बैठकर बिछीवाड़ा की ओर चले जाते है।

चरागाह भूमि से अवैध कब्जों को हटाया

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 30 नवम्बर / ग्राम पंचायत सिन्दू त. घासा में चरागाह भूमि पर वर्षो पूर्व किये गये अवैध कब्जों को हटाया गया। सरपंच प्रतिनिधि भंवर लाल गुर्जर ने बताया कि गांव की आबादी के पास 5-6 बीघा जमीन से अवैध कब्जेधारियों के अतिक्रम ध्वस्त कर जमीन ग्राम पंचायत को सुपुर्द की। ग्राम पंचायत ने उक्त जमीन आराजी नं. 2300 को पंचायत में पौध शाला निर्माण के लिये सुरक्षित किया है। उक्त कार्यवाही उप तहसीलदार नंदलाल जोशी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर आरआई देवराज सिंह, पटवारी कमलेश शर्मा, प्रसार अधिकारी ललित गुर्जर, घासा थाना अधिकारी बाबुलाल जीनगर के नेतृत्व में पूर्ण जाब्ता के साथ अतिक्रमण हटाया गया। सबसे पहले सरपंच पुष्पादेवी के सानिध्य में स्वयं की अवैध पक्की बाउन्ड्रीवाल हटाई गई उसके बाद देवीलाल पिता हीरालाल गुर्जर, देवीलाल पिता नानालाल गुर्जर, प्यारी बाई, , वगताराम का अतिक्रमण ध्वस्त किया। सरपंच पुष्पादेवी गुर्जर ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

परिजन बोले मौत संदिग्ध, सिर में चोट, गले पर दबाने के निशान, कमरे पर बोतल-सिंगरेट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के अम्बामाता थाना क्षेत्र के नाथीघाट में 6 महीन से किराए पर रह रही युवती ने पुलिस के अनुसार आत्महत्या कर ली। लेकिन जब परिजन पहुंचे तो युवती के सिर पर चोट, गले में दबाने के निशान देख कर हत्या होने की आशंका जताई। पुलिस ने पोस्टमार्टम को रोक कर परिजनों को एक बार फिर से किराए का कमरा दिखाया व वस्तुस्थिति बताई। मौके पर शराब की बोतल और सिगरेट भी देखे जा सकते हैं। बताया गया कि 20 साल की निर्जरा पुत्री गोविन्दलाल बरांडा निवासी आमड़ा पानरवा नाथीघाट पर किराये के मकान में रह रही थी। गुरुवार को पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमबी चिकित्सालय ले गई। मृतक के पिता व अन्य परिवारजन कहा कहना है कि युवती ने आत्म्हत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या हुई है। युवती 12वीं साइंस में पढ़ रही थी व जॉब भी कर रही थी।

खेत में सांप काटने से मासूम भाई-बहन की मौत



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। खेत में खेल रहे मासूम भाई-बहन को सांप ने काट लिया। खेती का काम कर रहे परिजनों ने सांप को गुजरते देखा तो बच्चों को उठाकर अस्पताल गए। भाई ने रास्ते में दम तोड़ दिया, बहन की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। बांसवाड़ा के सज्जनगढ़ थाना क्षेत्र के गोडा गांव का है। मोहन 34 साल का है व उसके कुल 7 संतान हैं, जिनमें 5 बच्चे स्कूल गए हुए थे। दो बच्चे घर पर थे। मोहन के पुत्र आकाश (10 माह) और हना (6 साल) की मौत हो गई। सज्जनगढ़ थानाधिकारी नगेंद्र सिंह ने बताया कि मोहन पत्नी और दो बच्चों के साथ सुबह खेत में काम करने गया था। पति-पत्नी ने बच्चों को खेत में चटाई बिछाकर बैठा दिया। दोनों बच्चे खेल रहे थे और माता-पिता दोनों खेत में काम करने में जुट गए। कुछ ही देर में सांप ने बच्ची हना को हाथ पर काट लिया, फिर आकाश को काट लिया। बच्ची चिल्लाई तो पिता और मां दोनों दौड़ते हुए पहुंचे और सांप को वहां से जाते हुए देखा। परिजन तत्काल इलाज के लिए सज्जनगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन आकाश की रास्ते में ही मौत हो गई थी। हना को सज्जनगढ़ से इलाज के बाद बांसवाड़ा एमजी अस्पताल रेफर किया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहन के परिवार में आकाश सबसे छोटा बेटा था और हना चौथे नंबर की संतान थी।

डूंगरपुर लॉ कॉलेज में सेकंड ईयर एडमिशन को मंजूरी

5 दिसम्बर तक जारी होगी फाइनल लिस्ट, 1 लेक्चरर के भरोसे लॉ की पढ़ाई



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर लॉ कॉलेज में सेकेंड ईयर एडमिशन के लिए मंजूरी मिल गई है। एडमिशन को लेकर कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रॉसेस शुरू कर दी है। एलएलबी के लिए 2 दिसंबर तक आवेदन जमा करवा सकेंगे। वहीं, फीस जमा करवाने के बाद 5 दिसंबर तक फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी। कानून की पढ़ाई करने के लिए रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। बार काउंसिल की ओर से डूंगरपुर विधि महाविद्यालय में सेकेंड ईयर एडमिशन के लिए मंजूरी मिल गई है। एसबीपी कॉलेज डूंगरपुर के प्राचार्य ओर लॉ कॉलेज के प्रभारी डॉ. गणेश निनामा ने बताया कि लॉ कॉलेज में सेकंड सेशन के 60 सीटों पर एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्टूडेंट कॉमन प्रवेश फॉर्म ओर दस्तावेजों के साथ 2 दिसम्बर तक आवेदन को कॉलेज में जमा करवा सकते है। अगले ही दिन 3 दिसंबर को अंतरिम प्रवेश सूची ओर प्रतिक्षा सूची को जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद 4 दिसम्बर को फीस जमा करवा सकेंगे। 5 दिसम्बर को सुबह 11 बजे तक एडमिशन की फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी। लॉ कॉलेज में एडमिशन से जिले के कई स्टूडेंट को फायदा मिलेगा।

8 पोस्ट स्वीकृत, सिर्फ 1 लेक्चरर के भरोसे लॉ की पढ़ाई

लॉ कॉलेज खुलने के साथ ही लेक्चरर की कमी सबसे कड़ी परेशानी है। डूंगरपुर लॉ कॉलेज में 8 पदों की स्वीकृति है। लेकिन डेपुटेशन पर एक लेक्चरर को लगाकर ही काम चलाया जा रहा है। जबकि 7 पर खाली पड़े है। खाली पदों की वजह से लॉ की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट को भी परेशानी हो रही है। वहीं, कोर्स पूरा नहीं होने से उनके रिजल्ट पर भी असर पड़ सकता है।

युवा सोच अवार्ड-2024 की विजेता बनी समाजसेवी युवा अधिवक्ता आशी सक्सेना

उत्तरप्रदेश के जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने दिया अवार्ड



24 न्यूज अपडेट

ओम जैन शंभूपुरा। सामाजिक संगठन "यूथ मूवमेंट" की संस्थापक सदस्य एडवोकेट आशी सक्सेना शनिवार को उत्तरप्रदेश के नोयडा में युवा सोच अवार्ड-2024 की विजेता घोषित हुई। आशी को यह अवार्ड उत्तरप्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने दिया।

कार्यक्रम के संयोजक और युवा सोच आर्मी के संस्थापक रोहित कुमार जोगी ने बताया कि शनिवार को जेम्स ग्रेटर नोयडा के सेमिनार हॉल में आयोजित भव्य समारोह में विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आशी सक्सेना को सामाजिक सरोकार के विशिष्ट कार्यो के लिए युवा सोच अवार्ड- 2024 दिया।

आशी पिछले कई सालों से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशुल्क विधि सलाह देने का कार्य कर रही हैं। यूथ मूवमेंट के द्वारा चलाए जा रहे जरूरतमंद बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा अभियान और जागरूकता शिविर में आशी आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही युवाओं के लिए चलाए जा रहे कॅरियर मार्गदर्शन शिविरों में भी वे गाइड कर रही हैं।

आशी ने यूथ मूवमेंट के द्वारा युवाओं को स्थानीय कारखानों में रोजगार देने की मुहिम के जरिये युवाओं को रोजगार देने में मदद की है। वे खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही वे महिलाओं को आत्मसुरक्षा के लिए चलाए जा रहे केम्प में भी मदद कर रही हैं। ग्रामीण बच्चों और युवाओं की समस्याओं को हल करने में भी वे सबसे आगे हैं। वे युवाओं की योग्यता को आगे लाने का कार्य भी कर रही हैं। सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए वर्तमान में आशी सक्सेना एक कारपोरेट में लीगल एडवाइजर के पद पर कार्य कर रही हैं।

तस्करी में जब्त 52 क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ को पुलिस ने जलाकर किया नष्ट



24 न्यूज अपडेट

जिले के 12 पुलिस थानों में जब्तशुदा अवैध डोडाचूरा व गांजा को न्यायालय से भौतिक सत्यापन व निर्णय के बाद शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी की उपस्थिति में जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा थाना शंभूपुरा के सावा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा 52 क्विंटल से अधिक अवैध डोडाचूरा व गांजा को नष्ट किया गया ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि, जिले के पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों व वाहनों की वजह से लबालब भरे पड़े हुए हैं, जिससे अन्य जब्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। माल निस्तारण और थाने को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कार्य प्रणाली शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर, रिकॉर्ड तैयार किया गया।

उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा, पुलिस निरीक्षक जोधाराम सहित संबंधित 12 थानों के थानाधिकारी एवं मालखाना प्रभारी व कार्यप्रणाली शाखा प्रभारी एएसआई गोविंद कुमार, मनोज कुमार एवं कार्यालय के कर्मचारियों आदि की उपस्थिति में आवश्यक रिकॉर्ड मिलान करने के बाद मादक पदार्थों का वजन किया गया तथा संबंधित मालों के वजन करने व नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो इसके लिए सम्पूर्ण कार्यवाही के समय विभागीय फोटोग्राफर हैड कानि. सत्यनारायण से फोटो ग्राफी व विडियो ग्राफी करवाई गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़, सदर चित्तौड़गढ़, कोतवाली निम्बाहेड़ा, सदर निम्बाहेड़ा, गंगरार, चंदेरिया, बस्सी, कपासन, आकोला, निकुम्भ, जावदा, व शंभूपुरा के कुल 12 पुलिस थानों में दर्ज कुल 38 प्रकरणों में से 33 प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ 52 क्विंटल 07 किग्रा 872 ग्राम डोडा चूरा व 05 प्रकरणों में 27 किग्रा 302 ग्राम गांजा को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी 38 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति चित्तौड़गढ़ द्वारा वंडर सीमेंट थाना सदर निम्बाहेड़ा के अधिकारियों यूनिट हैड भानुप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष मानव संसाधन विभाग अनंत शर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी मानविजय सिंह, सुरक्षा प्रबंधक कृपानन्द झा, जान संपर्क प्रबंधक दीपक भट्ट एवं पर्यावरण प्रबंधक नरेन्द्र भट्ट की उपस्थिति में शनिवार को शंभूपुरा थाने से सावा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया।

लॉरेंस-गैंग की 'माया मैडम' गिरफ्तार, जेल में बंद बदमाशों के खर्चे का करती थी इंतजाम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। जयपुर में लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग की महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दो देशी कट्टे, दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गैंग के सभी सदस्य अवैध हथियार, मादक पदार्थ की तस्करी ,अपहरण और फिरोती की धमकी देकर पैसा वसूलते हैं। महिला सीमा मल्होत्रा उर्फ रेणु उर्फ माया मैडम गैंग के सदस्यों को टारगेट देती थी।सीमा मल्होत्रा उर्फ माया मैडम गैंग के सदस्यों के जेल में बंद होने पर पूरा खर्चा उठाया करती थी। सट्टेबाज, बड़े व्यापारी, फिल्म स्टार आदि के नम्बर लेकर गोल्डी या गोदारा से धमकी दिलवाती। गैंगस्टरों के बीच सूचना साझा करने का काम करती है। जयपुर सहित दिल्ली- हरियाणा में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। दिल्ली की सीमा मल्होत्रा, राजकोट गुजरात के रहने वाले हरेन शैलेष और हिसार हरियाणा के रहने वाले सचिन वर्मा को गिरफ्तार किया। संजय सर्किल थाना पुलिस अब तक गैंग से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी राशी डोगरा ने बताया- लॉरेंस गैंग के कुछ बदमाशों को हमारी टीम ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। इस में योगेश सैनी, मोहम्मद अकिल मंसूरी, हरेन्द्र विश्नोई उर्फ राकेश और दीपक सैन निवासी हरियाणा शामिल था। ये बदमाश रोहित गोदारा के धमकाए व्यापारी पर गोली चलाने के उद्देश्य से आए थे। जिन्हें वारदात से पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। बदमाशों से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।युवकों को सोशल मीडिया के जरिए जोड़कर गिरोह में शामिल करना सामने आया है। साथ ही अलग अलग टास्क देना बताया था। पुलिस की टीम कड़ी से कड़ी जोड़कर आरोपी सीमा मल्होत्रा और उसके दो साथियों को पकड़ा। तीनों को अलग-अलग हिसार (हरियाणा), बठिंडा (पंजाब), राजकोट (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया है। सीमा मल्होत्रा, माया मैडम के नाम से मशहूर है। सीमा रोहित गोदारा, संपत नेहरा, शुभम उर्फ बिगनी, राजेन्द्र उर्फ जोकर, गोल्डी बराड से सीधा संबंध रखती है। डीसीपी राशी डोगरा ने बताया- सीमा ही गैंग के सदस्यों से अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार मंगवाना का काम करती है। सामान किस व्यक्ति को बेचना है और हथियार का डिस्पोजल कैसे करना है। विभिन्न प्रदेशों के सट्टेबाज, बड़े व्यापारी, फिल्म स्टार आदि के नम्बर प्राप्त कर उनको गोल्डी बराह या रोहित गोदारा किस से धमकी दिलवानी है। फिरौती की रकम कहा पहुंचानी है। फिरौती की रकम नहीं देने पर क्या एक्शन लेना है। सीमा तय करती है। फिरौती की रकम से का ब्यौरा रखती है। जेल में बंद गैंग के सदस्यों तक कपड़े आदि पहुंचाना। जेल कैंटीन में रुपए पहुंचाने का काम भी महिला करवाती है।

शिक्षामंत्री बोले- ज्यादातर मंदिर तोड़कर बनाई गई मस्जिद

कहा- अजमेर में भी खुदाई में मंदिर के अवशेष मिलने की पूरी संभावना



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अगर अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में भी खुदाई होती है। मंदिर के अवशेष मिलने की पूरी संभावना है। क्योंकि देश के अधिकांश मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाई गई थी। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान दिलावर ने यह बयान दिया। अजमेर दरगाह को लेकर चल रहे विवाद पर शनिवार को बीजेपी मुख्यालय पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा- अब तक के अनुभव और परिणाम यही दिखाते हैं कि भारत में सामान्यतया ज्यादातर मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाई गई हैं। अजमेर दरगाह का फैसला न्यायालय करेगा। अगर खुदाई के आदेश होते हैं। यहां भी मंदिरों के अवशेष मिलने की पूरी संभावना है, जैसा अन्य जगहों पर हुआ है।

जयपुर जिला दक्षिण के पदाधिकारियों की बैठक ली

दरअसल, मदन दिलावर संगठन चुनाव को शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। जहां उन्होंने जयपुर जिला दक्षिण के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संगठन चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं को दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा और अनुशासित राजनीतिक संगठन है। यहां सर्वसम्मति से पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी चुने जाते हैं।

क्या है मामला- बता दें कि अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह को हिंदू मंदिर बताते हुए दायर याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हिंदू सेना के नेता विष्णु गुप्ता ने अजमेर कोर्ट में यह याचिका दाखिल की थी। जिसमें मजार के नीचे शिवलिंग होने का दावा किया गया है। इस मामले में अजमेर कोर्ट ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, दरगाह कमेटी और आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) को नोटिस जारी किया है। वहीं अब कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

पारा सिंगल डिजिट में आया, 3-4 दिसंबर से कड़ाके की ठंड, उदयपुर में 9.6, चित्तौड़गढ़ में 9.8 डिग्री



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.जयपुर। राजस्थान में तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। सीकर, चूरू, झुंझुनूं के अलावा उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बारां, करौली, हनुमानगढ़ में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के विशेषज्ञों ने दिसंबर में पहले सप्ताह की शुरुआत में सर्दी तेज होने की संभावना जताई है। बताया गया कि वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के एरिया पर आ गया है। इस सिस्टम के असर से इन राज्यों में आज और कल हल्की बारिश और कहीं-कहीं बर्फबारी होगी। इस सिस्टम के आगे जाने के बाद 3-4 दिसंबर से राज्य में उत्तरी हवा चलनी शुरू होगी। इससे राजस्थान के तापमान में बड़ी गिरावट होगी। तेज सर्दी की शुरुआत होगी। अगर पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम को देखें तो दिन और रात के तापमान में गिरावट हो रही है। सीकर में पारा 7.5 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 9.1, उदयपुर में 9.6, चित्तौड़गढ़ में 9.8, चूरू में 8.6, बारां में 8.8, हनुमानगढ़ में 9.5, करौली में 9.4 और फतेहपुर में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अधिकतम तापमान की बात करें तो जैसलमेर में कल अधिकतम तापमान गिरकर 31.7 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर 31.8 डिग्री, बीकानेर में 30, जालोर में 30.3 डिग्री और जोधपुर में 29.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर में भी कल अधिकतम तापमान 2.2 डिग्री गिरकर 26 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजस्थान में तेज सर्दी का दौर दिसंबर के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के जाने के बाद जब उत्तरी हवा चलेगी तो उससे राजस्थान में तापमान तेजी से गिरेंगे। संभावना है कि 3-4 दिसंबर या उसके बाद कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए।

भिखारियों के बीच सोता मिला एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री का हत्यारा, डेढ़ करोड़ भी लूटे थे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। चूरू में अभाविप के पूर्व नगर मंत्री की हत्या और जयपुर में 1.50 करोड़ की लूट के आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित है। पुष्कर और मुंबई में भीख वह भिखारियों के बीच रह रहा था ताकि किसी को शक नहीं हो। पुलिस ने अब तक 400 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। उनके आधार पर रूट मैप तैयार किया और पकड़ लिया। डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के डाबला गांव के पास 1 नवंबर की रात को एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री नरेंद्र प्रजापत (28) का पुरानी रंजिश को लेकर अमित कस्वां उर्फ मितला, शुभम ढाका और हितेश कुमावत ने लाठी और सरियों से पीट-पीटकर मर्डर कर दिया था। पुलिस ने नरेंद्र के चाचा की रिपोर्ट पर मर्डर का केस दर्ज किया था। साइबर सेल और मुखबिर की सूचना पर पुलिस शातिर अमित कस्वां उर्फ मितला के पीछे लगी थी, जो महाराष्ट्र के भिवंडी में छुपा हुआ था। पुलिस उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को चूरू लाई। अब आरोपी से मामले में फरार चल रहे शुभम ढाका के बारे में पूछताछ की जाएगी। मामले में आरोपी हितेश कुमावत को पुलिस ने 11 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया था। जयपुर में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की लूट के मामले में अमित कस्वां उर्फ मितला मुख्य आरोपी है। वारदात के बाद से ही लगातार फरार था। फरारी फतेहपुर में काट रहा था। डीएसपी ने बताया कि शातिर बदमाश पर करीब 12 मामले दर्ज हैं। कई मामलों में वह फरार था। अमित कस्वां पुष्कर मेले में भिखारियों के साथ भीख मांगने लगा और उनके बीच सोता था। एक दिन तारानगर आया था। इसके बाद मुंबई चला गया। जहां भीख मांगकर फरारी काट रहा था। रात को भिखारियों के बीच ही सोने लगा था, ताकि पुलिस को कोई शक नहीं हो। नेतृत्व एसएचओ बलवंत सिंह ने किया। टीम ने करीब 400 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और लोकेशन के आधार पर रूट मैप तैयार किया। जयपुर, सीकर, फतेहपुर, जोधपुर, नागौर सहित कई जगहों पर छापे मारे।



किन्नरों ने किया जिला कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन, गादीपति बनने पर चल रहा है महासंग्राम, जताई मर्डर की आशंका



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के किन्नर दो धड़ों में बंट गए हैं। गादीपति कल्लीबाई की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार की जंग शुरू हो गई है। एक धड़ा पायल किन्नर का है तो दूसरा भंवरीबाई का। दोनों में अब सीधे-सीधे जंग की नौबत आ गई है। आज दोनों पक्षों ने एसपी को ज्ञापन देकर एक दूसरे पर कई संगीन आरोप लगाए और एक दूसरे से खुद को जान का खतरा बताया। पायल किन्नर ने कहा कि वो जोधपुर समाज का आदेश लेकर आई है जिसमें आधा शहर उसके व आधा भंवरीबाई के नाम पर है। जबकि भंवरीबाई का कहना है कि वे ही मेवाड़ की असली गादीपति हैं। आज भंवरीबाई के पक्ष ने सर्व किन्नर समाज के बैनर तले जिला कलक्ट्रेट उदयपुर पर अनूठे अंदाज में प्रदर्शन भी किया। किन्नरों ने नारेबाजी करते हुए पायल किन्नर को गिरफ्तार करने की मांग की। किन्नरों ने एसपी को दिए ज्ञापन में कहा कि उदयपुर में स्वर्गीय कल्लीबाई की उतराधिकारी भवंरीबाई किन्नर है। कुछ साल से किन्नर पायल ने कुछ अपराधियों के साथ मिल कर खुद को उदयपुर शहर की गादीपति बनने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। भवंरी बाई को धमकाया जा रहा है।

भारी भ्रष्टाचार का आरोप, चेतावनी-जो वकील लोक अदालत को सपोर्ट करेगा, उसके मेम्बरशिप खत्म कर देंगे

24 न्यूज अपडेट

आज उदयपुर में वकीलों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया और किसी भी लोक अदालत को सपोर्ट नहीं करने की शपथ ली। उनका कहना है कि लोक अदालतों के माध्यम से हर थाना व तहसील में वकील नियुक्त कर अन्य वकीलों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। उनकी रोजी रोटी छीनी जा रही है। बार एसोसिएशन उदयपुर ने कोर्ट चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध दर्ज कराया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष भरत जोशी ने बताया कि उदयपुर कोर्ट में करीब तीन हजार अधिवक्ता हैं जो लोगों को सुगम न्याय दिलाने के लिए सेवा दे रहे हैं मगर एडीआर मनमर्जी से वकील



नियुक्त कर भ्रष्टाचार कर रहा है। वकीलों ने लोक अदालतों के बहिष्कार का ऐलान किया व कहा कि जो वकील इसमें शामिल होगा, उसकी सदस्यता निरस्त कर दी जाएगी।

जूनियर कबड्डी टीम का कैंप शुरू , उदयपुर टीम 6 दिसम्बर से सीकर में लेगी स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में भाग

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर 30 नवम्बर , जिला कबड्डी संघ उदयपुर के तत्वावधान में उदयपुर जिला जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स कबड्डी टीम का प्रशिक्षण शिविर आज से गांधी ग्राउंड पर शुरू हुआ। आयोजन सचिव जालमचंद जैन ने बताया कि कैंप के आधार पर चयनित उदयपुर बॉयज एवं गर्ल्स टीम 6 दिसंबर से सीकर में आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी 1 कैंप सुबह-शाम दोनों सत्रों में आयोजित होगा , जिसमे उदयपुर टीम के खिलाडी कड़ा अभ्यास करेंगे 1 प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन आज जिला कबड्डी संघ , उदयपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खनूजा ने किया गया। शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष मनीष पटेल, विशिष्ट अतिथि कबड्डी कोच कपिल जैन, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह गहलोत, एडवोकेट भरत कुमावत थे। इस अवसर पर श्यामसुदर शर्मा, सुरेश मेनारिया, गोपाल पुरबिया, मुंशी मोहम्मद सहित कई पूर्व स्टेट व नेशनल खिलाड़ी मौजूद थे।

चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया लैब का दौरा:बांसवाड़ा शहर में 3 जगह पहुंचे; रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर संचालक ने खुद लगाया ताला



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. बांसवाड़ा में चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रकाश शर्मा ने शनिवार को शहर की प्रमुख निजी लैबों का दौरा किया। उन्होंने निजी लैब पहुंचकर उनके पंजीयन के दस्तावेजों की जानकारी ली। साथ ही पंजीयन नहीं होने पर उसे तत्काल करवाने के भी सख्त निर्देश दिए। डॉ. प्रकाश शर्मा ने शहर में सुबह 7 बजे से ही कार्रवाई शुरू कर दी। वह सबसे पहले हाईटेक लैब पहुंचे। इस लैब में कुछ दिन पूर्व ही सीएमएचओ डॉ. एचएल ताबियार ने भी जांच कर पंजीयन कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन संचालक ने अब तक पंजीयन का आवेदन नहीं किया था। इस पर डॉ. शर्मा ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। हालांकि संचालक स्वयं मौजूद नहीं था और मौजूद कार्मिक भी अनुभवी नहीं मिले। इस पर कार्मिक स्वयं ने ही लैब पर ताला लगा दिया और डॉ. शर्मा से पंजीयन करवाकर ही शुरू करने की बात कहीं। इसी प्रकार राज सहारा और धारा लैब का भी निरीक्षण किया। यहां पर पंजीयन तो पाया गया, लेकिन बोयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का पंजीयन नहीं था। इस पर दोनों को प्रोसेस शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों जगह कई प्रकार के दस्तावेज प्रदर्शित नहीं किए गए थे। इस पर डॉक्यूमेंट प्रदर्शित करने और इसकी एक कॉपी स्वास्थ्य भवन में दिखाने के निर्देश दिए। पीसीपीएनडीटी समन्वयक हरिकांत शर्मा ने बताया- संयुक्त निदेशक अधिकांश लैबों की जांच करना चाहते थे। लेकिन तीन लैबों की जांच के बाद कई लैब बंद मिली। इस दौरान डीपीओ ललित सिंह झाला भी मौजूद रहे।

तिजौरी तोड़ गैंग गिरफ्तार, 4 जने पकड़े 30 तिजोरियां बरामद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर की चितरी थाना पुलिस ने तिजौरी तोड़ गैंग पकड़ी है व 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गड़ा जसराजपुर और उदैया मोड़ पर गोदाम से लोहे की तिजोरियां चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने 30 तिजोरिया बरामद की है। यूसुफ इज्जी निवासी मोहम्मदिया कॉलोनी ताहेरी मोहल्ला की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई कि गड़ा जसराजपुर पेट्रोल पंप के सामने एसएमई शो रूम में लोहे की तिजोरियां बेची जाती है। गोदाम गड़ा जसराजपुर मोड और उदैया मोड़ पर है। 9 अक्टूबर को दोनों गोदामों का स्टॉक चेक किया। इस दौरान दोनों गोदाम से 97 नग अलमारियों का स्टॉक कम मिला। जबकि दोनों गोदाम पर नए ताले लगे हुए थे। चोर दोनों गोदाम से 97 तिजोरियां चुराकर ले गए। थानाधिकारी परमेश्वर ने बताया कि गोदाम पर पूर्व में काम करने वाले कनकमल (30) पुत्र कावा पांडोर निवासी डामरिया उबली दाहला को डिटेन कर पूछताछ की। उसने अपने साथी नीलेश (19) पुत्र मोतीलाल बामणिया निवासी चितरी, रूपा (45) पुत्र वेलजी देवतरा निवासी पूछीयावाडा और अजय (26) पुत्र पंकज खाट निवासी चितरी के साथ मिलकर अलमारी चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 30 अलमारी बरामद की है।

ज्योति पटेल को मिली पीएचडी की उपाधि, ग्रामीण महिलाओं का व्यवसाय एवं स्वास्थ्य' पर किया शोध



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर की ज्योति पटेल को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। ज्योति ने पटेल ने ''ग्रामीण महिलाओं का व्यवसाय एवं स्वास्थ्य'' विषय पर शोध किया है। ज्योति ने यह शोध डॉ. रानी प्रभा सोलंकी के निर्देशन में किया। ज्योति ने अपने शोध के बारे में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी शिक्षा का अभाव है। 450 महिलाओं पर किए गए सर्वे में पाया कि कई महिलाओं को जागरूकता के अभाव में सरकारी योजनाओं का भी पता नहीं है। वे उनका भी लाभ नहीं ले पातीं, ना ही वो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है। ऐसे में उनका यह शोध महिलाओं के स्वास्थ्य ओर व्यवसाय विषय पर काफी सहयोगी रहेगा।



15 साल पहले लापता हुआ बेटा इंजीनियर बन कर घर लौटा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. कोटा। कोटा के रामगंजमंडी में 15 साल पहले गुम हुआ एक बच्चा सातलखेड़ी में मिला। बेटे को देख मां की आंखों से आंसू छलकने लगे। 2009 में परिजनों ने सुकेत थाने में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई थी। बच्चे की तलाशी के लिए पुलिस ने टीमों का गठन किया था और 2 हजार का इनाम घोषित किया था। गुमशुदा हुए राकेश ने बताया कि वो जब 6 साल का था तो दोस्तों के साथ रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन गया। रेलवे की पटरी का टुकड़ा रास्ते में पड़ा हुआ था जो उसने हाथ में उठा लिया। थोड़ी देर बाद ही पुलिस आ गई व उसके पीछे दौड़ी। वह डर गया और स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में बैठ गया। रेलगाड़ी चल पड़ी और कई स्टेशनों पर ट्रेनें बदलते हुए वो हैदराबाद पहुंच गया। वहां पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने पूछताछ की लेकिन राकेश को कुछ समझ नही आया। वो केवल रामगंजमंडी और सातलखेड़ी का नाम जानता था। पुलिस ने उसे एक संस्था को सौंप दिया। वहां रहकर राकेश ने पढ़ाई पूरी की। करीब 3 साल पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन गया। राकेश अब 21 साल का हो गया है। थानाधिकारी के अनुसार बालक को तलाशने के लिए पुलिस लगातार प्रयास करती रही। 2 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। टीमों का गठन किया गया था। जो लगातार महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना व अन्य प्रांतों में तलाशने का प्रयास कर रही थी। बालक के हुलिए के आधार पर कई जगह पोस्टर इश्तिहार निकलवाए गए। मुखबिर तंत्र से मेघराज बैरवा उर्फ राकेश के हैदराबाद में होने की जानकारी मिली। हैदराबाद में सम्पर्क कर राकेश को सातलखेड़ी में दस्तयाब किया और परिजनों से मिलवाया।

कभी नहीं देखी ऐसी अंतिम यात्रा, अस्त्र शस्त्र अखाड़ा प्रदर्शन से दी उस्ताद को अंतिम विदाई

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के जानेमाने पहलवान और उस्ताद ओम प्रकाश सेन का कल निधन हो गया था। आज उस्ताद की अंतिम यात्रा में उदयपुर के जानेमाने राजनेता, उद्यमी, कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच उस्ताद, विभिन्न खेल संघों से जुड़े पदाधिकारी,खिलाड़ी और पहलवान शामिल हुए। परंपरानुसार पहलवानों ने अस्त्र शस्त्र प्रदर्शन करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ अंतिम यात्रा निकाली तो देखने वालों का तांता लग गया। अशोक नगर मोक्ष धाम उस्ताद ओम प्रकाश सेन अमर रहे के नारों के साथ पुत्र कृष सेन व पुत्री प्रियंका ने उस्ताद को मुखाग्नि दी। आप को बता दें कि ओम सेन खुद अच्छे पहलवान रहे और श्री चतुर्भुज हनुमान राष्ट्रीय व्यायामशाला की स्थापना की जहां पर उन्होंने कई राज्य व राष्ट्रीय पहलवान तैयार किए। उदयपुर में पहली बार भारत केसरी कुश्ती



प्रतियोगिता करवाई और दूसरी बार महिला भारत केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जिसमें भारत के कई अंतराष्ट्रीय पहलवान शामिल हुए। ओम सेन के उठवाने की रस्म श्री चतुर्भुज हनुमान राष्ट्रीय व्यायामशाला हरिदास जी की मगरी में कल शाम 4 बजे होगी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।